प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना



---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा–प्रदेश में औद्योगिक निवेश का बन रहा है वातावरण। प्रवासियों से प्रदेश की समृद्धि में योगदान की अपील की।

02. आम लोगों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए प्रदेश की सभी पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा।

03. प्रदेश के जनजातीय गांवों में गरिमा उत्सव की शुरूआत। **सबसे दूर सबसे पहले** अभियान के तहत सरकारी योजनाओं का दिया जा रहा है लाभ।

04. और, आकाशवाणी पटना के प्रादेशिक समाचार एकांश ने शुरू किया भोजपुरी बुलेटिन। प्रत्येक दिन शाम छह बजकर पांच मिनट पर होगा प्रसारण।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में औद्योगिक संरचना का विकास हो रहा है और अब लोगों को रोजगार के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। पटना के गांधी मैदान में अग्निशमन वाहनों और एआई आधारित आधुनिक अग्निशमन नियंत्रण कक्ष का लोकार्पण एवं उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश में नये उद्योगों के लिए वातावरण तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक घराने प्रदेश में निवेश के लिए आगे आ रहे हैं।

–––बाइट–––

मुख्यमंत्री प्रवासी बिहारवासियों से बिहार लौटने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य में सुशासन की सरकार है।

–––बाइट–––

---

प्रदेश में आम लोगों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निवारण के लिए कल से पंचायत स्तर पर राज्यव्यापी 'सहयोग शिविर' की शुरुआत हो रही है। सात

निश्चय–तीन के सबका सम्मान, जीवन आसान विजन के तहत इस पहल का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं और प्रशासनिक तंत्र को सीधे जनता के द्वार तक पहुंचाना है। ये शिविर प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे। जन शिकायत संबंधी आवेदन देने की प्रक्रिया शिविर के तीस दिन पहले शुरू करने की व्यवस्था की गई है। वहीं, शिविर के दिन भी आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।

राज्य सरकार ने कल से आयोजित होने वाले सहयोग शिविर को लेकर दिशा निर्देश जारी किया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के विशेष सचिव अरविंद कुमार वर्मा ने सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों और प्रभारी सचिवों को पत्र लिखकर शिविर के प्रथम दिन सहभागिता देने का अनुरोध किया है। प्रभारी मंत्री और सचिव कम से कम तीन प्रखंडों के सहयोग शिविरों में उपस्थित रहेंगे।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सहयोग कार्यक्रम के तहत प्राप्त आवेदनों का तीस दिनों के भीतर निष्पादन किया जाना अनिवार्य है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस संबंध में सचेत किया। उन्होंने कहा कि निष्पादित कार्यों की रिपोर्ट समय अवधि के भीतर नहीं देने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

–––बाइट–––

---

भारतीय जनता पार्टी की कोर कमिटी की बैठक आज पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में हुई है। बैठक में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, प्रदेश संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे थे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि बैठक में अगामी विधान परिषद चुनाव को लेकर पार्टी और एनडीए की रणनीति तथा कोर समिति पर विचार किया जायेगा।

---

केन्द्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में आज से प्रदेशभर में जनजातीय गरिमा उत्सव की शुरूआत हो गई है। जन भागीदारी राष्ट्रव्यापी अभियान **सबसे दूर सबसे पहले** के तहत विभिन्न जिलों में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत पच्चीस मई तक विभिन्न चयनित प्रखंडों में शिविर लगाकर जनजातीय समुदाय के लोगों को राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। शिविर में पेंशन, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता जैसी योजनाओं से वंचित परिवारों को चिन्हित कर सहायता दी जायेगी। इसी कड़ी में रोहतास जिले के पांच प्रखंडों के उन्नीस गांवों में शिविर की आज से शुरूआत हुई। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने उत्सव का उद्‌घाटन किया।

———उदिता सिंह———

इधर, सीवान जिले के आंदर प्रखंड के इकतीस जानजातीय टोलों में राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत घर–घर जाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। वहीं, मुंगेर के हवेली खड़गपुर, बरियारपुर और धरहरा प्रखंड के बीस चयनित गांवों में विशेष शिविर के माध्यम से पात्र लाभुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अन्य जिलों में भी उत्सव की शुरूआत हो गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं निधि श्री।

---

केन्द्रीय सूक्ष्म और लघु उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि जनजातीय गरिमा महोत्सव के तहत जन भागीदारी अभियान से आदिवासियों को काफी लाभ होगा। श्री मांझी ने गया के समाहरणालय सभागार में अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि आदिवासी समुदाय का देश के संसाधनों पर पहला अधिकार है। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय समुहों के चयनित लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना और वनाधिकार अधिनियम के तहत जमीन का पट्‌टा प्रदान किया।

---

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मूज स्ट्रेट में जारी गतिरोध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और एलपीजी की कीमतों में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि मुश्किलों के बावजूद देश में सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार हमारे पास मौजूद है।

———बाइट———

---

एनटीपीसी की बाढ़ इकाई सौर ऊर्जा आधारित नये प्रोजेक्ट की शुरूआत कर रहा है। एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख सत्य रामकृष्ण ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि इसके तहत उपभोक्ताओं को चार मेगा वाट तक सोलर इनर्जी की आपूर्ति की जायेगी। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त बिजली को बैटरी में संग्रहित किया जाएगा और जरूरत के अनुसार उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जायेगा।

---

आकाशवाणी पटना के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से आज से भोजपुरी समाचार का प्रसारण शुरू हो गया है। आकाशवाणी के पटना केन्द्र समेत राज्य के विभिन्न केंद्रों से आज शाम छह बजकर पांच मिनट पर प्रथम भोजपुरी बुलेटिन का प्रसारण किया गया। इस अवसर पर वाल्मिकीनगर के सांसद सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। श्री कुमार ने आंचलिक भाषा में समाचार प्रसारण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है।

———बाइट———

इस अवसर पर आकाशवाणी पटना के केन्द्राध्यक्ष एच.डी. सिडाम, उप निदेशक सह समाचार प्रमुख अजय कुमार, समाचार संपादक डॉक्टर सविता पारीक और निधि श्री समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। भोजपुरी समाचार बुलेटिन को न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर सुना जा सकता है। इसके अलावा यह प्रादेशिक समाचार एकांश के यूट्यूब चैनल, एआइआर न्यूज अंडर स्कोर पटना पर भी उपलब्ध होगा। गौरतलब है आकाशवाणी पटना से पहले से ही हिंदी, उर्दू और मैथिली भाषाओं में प्रादेशिक समाचार बुलिटनों का प्रसारण हो रहा है।

---

राज्य के अधिकतर हिस्सों में भीषण गर्मी की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के दस जिलों का तापतान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। विभाग ने अगले चौबीस घंटो के दौरान रोहतास, भभूआ और बक्सर जिले में लू चलने की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान में कहा है कि पटना, नालंदा, जहानाबाद, जमुई, मुंगेर, औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिण—पश्चिम, दक्षिण—मध्य और दक्षिण—पूर्व भागों में अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क बना रहेगा।

---

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान आज बिहार दौरे पर पटना पहुंचे। श्री मान ने तख्त श्री हरिमंदिर पटना सहिब में मत्था टेका और देश—प्रदेश में सुख—शांति की प्रार्थना की। गुरूद्वारा प्रबंधक समिति की ओर से उन्हें सिरोपा भेट कर सम्मानित किया गया।

---

पटना स्थित नियोजन भवन में कल पूर्वाह्न ग्यारह बज से रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। राज्य सरकार के युवा रोजगार एवं कौशल विकास के तत्वावधान में आयोजित मेले में बारहवीं पास अठारह से चालीस वर्ष के अभ्यर्थी भाग ले सकते है। जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एसएम ने योग्य अभ्यर्थियों से मेले में शामिल होकर लाभ लेने की अपील की है।

---

शेखपुरा जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत लोदीपुर गांव में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की एक दर्जन से अधिक छात्राओं की आज अचानक तबियत बिगड़ गई। इन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने बताया कि गर्मी के कारण छात्राओं की तबीयत बिगड़ी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि दो दिन पहले भी जिले के एक स्कूल में प्रार्थना सत्र के दौरान 27 छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई थी।

---

केन्द्रीय खनन एवं कोयला राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दूबे ने आज नरकटियागंज रेलवे स्टेशन से दरभंगा जाने वाली मेमू सवारी गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

---

रोहतास जिले के सासाराम रेलवे स्टेशन पर आज सुबह पटना–सासाराम पैसेंजर ट्रेन की एक बोगी में आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पूर्व–मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि फायर ब्रिगेड और रेलकर्मियों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। श्री चन्द्र ने बताया कि घटना की कारणों की जांच की जा रही है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के आदापुर थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ दो लोगो को गिरफ्तार किया है।

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा–प्रदेश में औद्योगिक निवेश का बन रहा है वातावरण। प्रवासियों से प्रदेश की समृद्धि में योगदान की अपील की।

02. आम लोगों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए प्रदेश की सभी पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा।

03. प्रदेश के जनजातीय गांवों में गरिमा उत्सव की शुरूआत। **सबसे दूर सबसे पहले** अभियान के तहत सरकारी योजनाओं का दिया जा रहा है लाभ।

04. और, आकाशवाणी पटना के प्रादेशिक समाचार एकांश ने शुरू किया भोजपुरी बुलेटिन। प्रत्येक दिन शाम छह बजकर पांच मिनट पर होगा प्रसारण।

---

**समाप्त**